

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

12 नम आंखों से मां को दी विदाई....



14 भक्ति, भाव और एकता का प्रतीक बना दुर्गा विसर्जन







# बारिश की बाधा के बावजूद नगर में धूमधाम से मना दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में गुरुवार को दशहरा उत्सव पारंपरिक उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। हालांकि दिनभर रुक-रुक कर हुई बारिश के कारण नगरवासियों में यह संशय बना रहा कि इस वर्ष रावण दहन होगा या नहीं। दोपहर बाद से तेज बारिश ने दशहरा मैदान को कीचड़ में बदल दिया, जिससे लोगों की भीड़ जुटने पर सवाल खड़े हो गए। देर शाम मौसम साफ होते ही दशहरा उत्सव समिति ने अथक प्रयास कर निर्धारित कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसके बाद रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच विशालकाय रावण का दहन किया गया। समिति के सदस्यों के प्रयास और नगरवासियों की भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## दशहरा मैदान में पानी और कीचड़ के बीच समिति ने निभाई जिम्मेदारी





### व्यापार प्रभावित, फिर भी बना माहौल

बारिश की वजह से इस वर्ष दशहरा मैदान पर भीड़ अपेक्षाकृत कम रही। ग्रामीण अंचल से आने वाले लोग मौसम बिगड़ने के कारण नहीं पहुंच पाए। भीड़ कम होने का असर नगर के व्यापार पर भी साफ दिखाई दिया। चाट-पकौड़ी और अन्य स्ट्रीट वेंडर्स की दुकानें खाली नजर आईं, वहीं मिठाई व खिलौनों की बिक्री पर भी असर पड़ा। इसके बावजूद रावण दहन कार्यक्रम ने नगरवासियों को रोमांचित किया। आतिशबाजी और रावण के पुतले के धधकते ही उपस्थित लोगों ने जयकारों के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### गोपालपुर में हुई ग्राम सभा



**गोपालपुर** | नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर के तांबा तालाब के दुर्गा भवन मे दोपहर के समय मे ग्राम आयोजित किया गया था। जिसमें अनेकों प्रस्ताव अनुमोदन किया गया, जो शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ।

### भटगांव में भव्य दशहरा उत्सव आज



**भटगांव** | इस वर्ष 2025 दशहरा का कार्यकम का आयोजन भटगांव पत्रकार दशहरा उत्सव समिति भटगांव पत्रकार दशहरा उत्सव समिति द्वारा कराया जा रहा है। जहाँ दशहरा उत्सव कार्यक्रम 3 अक्टूबर दिन शुक्रवार को रखा गया है जहाँ 5.30 से 7 बजे रावण दहन का कार्यक्रम, रात्रि 7- 9 बजे तक हिमांशु यादव छॉलीवुड अभिनेता - सोन मछरी, बस्तारिहा गाना, बारामासी, चंदाचकोरी फेम एवं रूपा चौधरी अभिनेत्री - सोनमछरी,मोला रही रही के मारे नज़रिया फेम तथा राहुल डडसेना गायक, गीतकार, संगीतकार बेनी म गांथ ले, ये दद्दा रे, सरई फेम का संक्षिप्त कार्यक्रम रहेगा | तत्पश्चात स्टार नाईट कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से गरिमा दीवाकर व स्वर्णा दीवाकर दोनो बहन के मधूर संगीत एवं नृत्य का कार्यक्रम आयोजित रहेगा | कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के ऊप में जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जिला कलेक्टर, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक, तथा नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत पाषर्दगढ़ शामिल रहेंगे |

## जयंती : महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन

# राजस्व मंत्री ने गांधी स्मृति स्थल में किया शिलालेख का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुरानी मण्डी परिसर स्थित ऐतिहासिक गांधी स्मृति स्थल में महात्मा गांधी के आगमन एवं दलित उत्थान के सन्देश के शिलालेख को राजस्व मंत्री टंकराम ने गुरुवार को अनावरण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत परिसर में वृक्षारोपण किया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही स्वछता दीदियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि गांधी स्मृति स्थल जिले का अमूल्य धरोहर है। इसे सहेजने और सांवरने का काम जिला प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। इस स्थल को बेहतर ढंग से सजाने संवारने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक रणनीति बनाई जाएगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी क़ा सन 1933 में इस मण्डी परिसर में आगमन हुआ था और उन्होने यहां स्थित कुंए के पानी को दलितों को पिलाकर छुआ -छूत मिटाने का सन्देश दिया था । ऐसे ऐतिहासिक स्थल को सहजना अत्यंत आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ी इतिहास को जान सके। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर से शुरू हुए स्वच्छता ही सेवा पखावड़ा का समापन इस ऐतिहासिक स्थल पर हो रहा है यह भी गौरव का दिन है। हम सब मिलकर बलौदाबाजार को मॉडल जिला बनाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले, गौ सेवा आयोग ▶▶ शेष पेज 12 पर

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत पौधारोपण कर ली गई शपथ









### स्थल के संरक्षण में सबकी सहभागिता जरूरीः कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि गांधी स्मृति स्थल को संरक्षित व सहजने में सबकी सहभागिता जरुरी है। इसको सहेजने के लिए चैम्बर ऑफ़ क्रामर्स एवं नगरपालिका की एक समिति बनाई जाएगी। इसके साथ ही देख -रेख के लिए कर्मचारी भी नियुक्त किया जाएगा। इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जिला प्रशासन कार्य कर रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई थी। सबके सहयोग से इस गांधी स्मृति स्थल को सजाने -संवारने का कार्य किया जाएगा। गांधी स्मृति स्थल की साफ -सफाई, रंग-रोगन, लाईट लगाई गई है। कुंआ की सफाई व लोहे की जाली लगाई गई है। इसी तरह आगे भी कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक ने भी सम्बोधित किया।

## 6 वाहन बरामद

# तीन बाइक चोर गिरफ्तार पांच मामलों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- चोरी की बाइक का पेट्रोल खत्म होते ही छोड़ देते थे लावारिस
- सीसीटीवी से मिला सुराग, गांव से दबोचे गए आरोपी

थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने अपचारी बालक समेत तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर बलौदाबाजार व आसपास के इलाकों में हुई मोटरसाइकिल चोरी की पांच वारदातों का खुलासा किया है। आरोपियों से कुल छह बाइक बरामद की गई हैं, जिन्हें वे अलग-अलग स्थानों पर छुपाकर रखे थे।

पुलिस को बीते कुछ महीनों में लगातार बाइक चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। पहला मामला ग्राम पहंदा निवासी शिवकुमार कोसले की शिकायत पर 18-19 अप्रैल की रात चोरी गई एसपी 125 बाइक से जुड़ा था। इसी तरह, 23-24 सितंबर, 28 मई, 27-28 अप्रैल और 27 मई को विभिन्न



इलाकों से बाइक चोरी के चार और मामले सामने आए। सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और ग्रामीणों से पूछताछ की।

**आरोपियों को अदालत में पेश करने की तैयारी:** पुलिस ने दोनों वयस्क आरोपियों को 1 अक्टूबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं अपचारी बालक को किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा जब्त की गई सभी मोटरसाइकिलों की कानूनी प्रक्रिया के बाद मूल मालिकों को लौटाने की तैयारी है।

### आरोपियों ने स्वीकारा अपराध

जांच में ग्राम मगरचबा निवासी अनिल दास मानिकपुरी (23), लुकेश कुमार पैकरा (23) और एक अपचारी बालक संदेह के घेरे में आए। पूछताछ में उन्होंने पांचों चोरी की वारदातों को कबूल किया। चोरी की गई छह मोटरसाइकिलें भी उनके ठिकानों से बरामद कर ली गईं। आरोपी बाइक चलाते वक्त जब उसका पेट्रोल खत्म हो जाता था, तो उसे वहीं लावारिस हालत में छोड़ देते थे। इससे पुलिस को बाइक तो मिल जाती, पर चोरों का सुराग नहीं मिल पा रहा था। लगातार ऐसी घटनाएं होने से पुलिस ने विशेष टीम बनाकर गहन जांच की और आरोपियों तक पहुंचने में सफलता पाई।

# 13 से 16 अक्टूबर तक होगा सांसद खेल महोत्सव 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- सांसद कमलेश जांगड़े ने ली समीक्षा बैठक, बेहतर आयोजन हेतु दिये निर्देश

सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा अंतर्गत विकासखंड पलारी, कसडोल एवं तहसील लवन एवं सोनाखान क्षेत्र में संकुल एवं विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 13 से 16 अक्टूबर तक होग़ा। सांसद खेल महोत्सव आयोजन के सम्बन्ध में गुरुवार को जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियो की बैठक लेकर बेहतर आयोजन एवं अधिक से अधिक संख्या में युवाओं का पंजीयन कराने हेतु जरुरी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने बताया की जंजागीर -चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जिले के क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव ▶▶ शेष पेज 12 पर

# घायल युवक की मौत पर परिजनों का फूटा ग़ुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

थाना पलारी अंतर्गत ग्राम छेरकापुर में रविवार को गुरु गद्दी पूजा कार्यक्रम के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक को बलौदाबाजार जिला अस्पताल से रायपुर ले जाया जा रहा था, इसी दौरान खरोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसकी हालत बिगड़ गई और वहीं उसने दम



तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने पलारी पुलिस पर कार्यशैली को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद से पीड़ित परिवार आक्रोशित है और पुलिस पर लापरवाही, गाली-गलौज ▶▶ शेष पेज 12 पर

# निकलने लगी धान की बालियां, किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

- असमय बारिश और बढ़ती बीमारी का खतरा भी चुनौती

धान की फसल में अब बालियां निकलने लगी हैं। खेतों में लहलहाती फसल और झूमती बालियां देखकर किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। अच्छी पैदावार की उम्मीद से किसान उत्साहित हैं। लेकिन इसी बीच असमय बारिश और फसल पर रोग फैलने का खतरा किसानों की चिंता भी बढ़ा ▶▶ शेष पेज 12 पर



### मौसम की मार का डर बरकरार

किसानों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल बना रहा तो फसल अच्छी होगी और उन्हें मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन लगातार बारिश और रोग फैलने की स्थिति में भारी नुकसान भी हो सकता है। कृषि विभाग ने किसानों को समय-समय पर दवाइयों का छिड़काव करने और खेतों की निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने की सलाह दी है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मे जिला प्रशासन ने खुद ही संरक्षित वन में फैलाई गंदगी

# साइक्लोथॉन के बाद गंदगी का अंबार, जंगली जीव प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- पर्यावरणविदों की मांग – जांच हो, जिम्मेदारी तय की जाए

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 28 सितंबर रविवार को जिला प्रशासन द्वारा टूर दे बलौदाबाजार साइक्लोथॉन कार्यक्रम का आयोजन सोनबरस। संरक्षित वन में किया गया। सैकड़ों साइकिल चालकों के साथ बड़ी संख्या में दर्शक और सरकारी कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के पश्चात संरक्षित वन में खाने-पीने का अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरा और अन्य गंदगी छोड़ दी गई। वन्यजीव और पक्षी इन खाद्य अपशिष्ट और प्लास्टिक कचरे के संपर्क में आने से बीमार पड़ रहे हैं। इससे जंगल का प्राकृतिक इकोसिस्टम प्रभावित हुआ है और भूमि प्रदूषित हो रही है।

विशेषज्ञों और वन विभाग के अनुसार, रिज़र्व फॉरेस्ट में किसी भी बड़े कार्यक्रम के लिए वन विभाग की विधिवत अनुमति अनिवार्य है। ऐसे आयोजनों से पहले वन्यजीवों और वन की सुरक्षा को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इस मामले में सवाल उठता है कि क्या जिला प्रशासन ने विधिवत अनुमति ली और कार्यक्रम के बाद सफाई सुनिश्चित की।






### नियमों की अनदेखी जांच की मांग

स्थानीय पर्यावरणविद और नागरिक प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि संरक्षित वन में हुई प्रदूषण और क्षति की तुरंत जांच की जाए और आवश्यक कार्रवाई करके वन्य जीवन और जंगल के इकोसिस्टम की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सोनबरसा संरक्षित वन में इस तरह के आयोजनों के दौरान स्वच्छता और सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है, ताकि वन्यजीव सुरक्षित रहें और जंगल का प्राकृतिक वातावरण संरक्षित रहे।




## नम आंखों से मां को दी विदाई....







सिमगा। दुर्गा विसर्जन की झलकियां।

### खबर संक्षेप



### अर्जुनी पंचायत में मनी महात्मा गांधी की जयंती

**अर्जुनी** । ग्राम पंचायत अर्जुनी में 2 अक्टूबर को पंचायत कार्यालय भवन में गांधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। सरपंच कविता ध्रुव ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे देश के राष्ट्रपिता थे। भारत की आजादी के लिए लड़े थे तथा उनके द्वारा देश के प्रति किए गये कार्यों व सिद्धांतों एवं उनके आदर्शों को विस्तृत रूप से बताया गया। इस अवसर में सरपंच कविता भगेला ध्रुव, रोजगार सहायक विनोद सोनी, ओमप्रकाश साहू, लेखराम साहू, संजय रजक, टिकेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, नीलमती ध्रुव, फिरन साहू, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### नेवधा में गांधी जयंती पर लगा स्वास्थ्य शिविर



**हथबंद** । बलौदाबाजार विधानसभा के नवापारा हथबंद मंडल अंतर्गत ग्राम नेवधा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल एवं मंडल अध्यक्ष ने स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही बूथ अध्यक्ष से लेकर महामंत्री प्रेमलता वर्मा, मंत्री लीली वर्मा, सरपंच दुलेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष धनेश्वरी वर्मा, धन्ना धनेश्वर निषाद, मिडिया प्रभारी प्रकाश पाल, डॉ. सहित कर्मचारी भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में ग्रामीणों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों की टीम ने रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए तथा मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान कीं। ग्रामीणों की भारी उपस्थिति से शिविर अत्यंत सफल रहा। आयोजन का उद्देश्य गांधी जी के सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संदेश को आत्मसात कर गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाना रहा।

### जय स्तंभ चौक से शिवनाथ नदी तक उमड़ा जनसैलाब, नगर पालिका अध्यक्ष और सामाजिक संगठनों ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

# सांगधारीयों के नृत्य कर मातारानी को दी विदाई विसर्जन कार्यक्रम में लगा श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर सहित पुरे अंचल में माता दुर्गा के अनेक रूपों की उपासना करने बाद आज नम आंखों से विदाई देते हुए शिवनाथ नदी में सभी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।विसर्जन कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक जारी रहा। इस दौरान प्रशासन ने शहर के अंदर चार पहिया सहित सभी बड़ी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए बेरिकेट लगाया था।

देवी प्रतिमाओं के विसर्जन एवं झांकियों के स्वागत व पुष्प वर्षा के लिए नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया ने जय स्तंभ चौक में पंडाल लगाया था। जहां से उन्होंने नगर के सभी दुर्गा प्रतिमाओं, जोत जंवारा, जसगीत गायकों, सांगधारीयों, व झांकियों का जबरदस्त स्वागत किया।वहीं देवांगन समाज के पंडाल से पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के साथ अनिल पांडे कांग्रेस के पंडाल से सुनील माहेश्वरी एवं छग क्रांति सेना के पंडाल से जोहार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल, उपाध्यक्ष चंद्रकांत यदु, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यदु ने देवी प्रतिमाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

सिमगा में सांगधारीयों का सांग नृत्य पुरे प्रदेश में अनूठा है जिसे देखने नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या महिला पुरुष एवं बच्चे आए हुए थे। सांग लेने वालों में बड़ो के साथ छोटे छोटे बच्चे युवक व युवतियां भी शामिल थी जिनके सांग नृत्य ने लोगों को खुब लुभाया। वहीं जसगीत व मांदर की धुन पर अनेक महिलाओं को देवी सवार भी आया। दुर्गा माता के विसर्जन के दौरान नगर के विभिन्न समितियों द्वारा अनेक स्थानों एवं विसर्जन स्थल में नाश्ता पानी प्रसादी भोग की व्यवस्था की गयी थी। नवरात्रि पर्व में माता की नौ दिनों तक उपासना करने के बाद आज डीजे, धुमाल, जस गीत ,एवं झांकी निकाल कर मातारानी को नम आंखों से विदाई दी गयी ।इस दौरान जय स्तंभ चौक तिगड्डा चौक से शिवनाथ नदी तक दो किलोमीटर तक हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ लगी रही।




### भक्ति भाव के साथ निकाली गई विसर्जन यात्रा

खरोरा । शरदीय नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर बुधवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में स्थापित जवारा का विसर्जन किया गया। शहर में ज्योत जंवारा विसर्जन का कसिलसिला सुबह से दोपहर तक चलता रहा। नगर



की आसध्या शारदा मंदिर, शीतला मंदिर, मंदिर, बालाजी दरबार मंदिर के जंवारों का ढोलक की मजीरा के जाप धुन के माता सेवा जस गीत के साथ तालाबों में विसर्जित किया गया। इस दौरान जगह-जगह पर भक्तगण माता को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। नगर में नौ दिनों तक ज्योत जवारा की भक्ति स्तुति और आराधना करने के बाद नम आंखों से भक्तों ने विदाई दी। वही एक दिन पहले मंगलवार को अष्टमी को लेकर देवी मंदिरों में हवन पूजन एवं नव कन्या भोज का कार्यक्रम किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भक्तगण मां को श्रीफल आर्पत कर आशीर्वाद लेते हुए नजर आए। नौ दिनों की आराधना और पूजा के बाद, भक्तों ने माता को विदाई दी, जो उनके लिए भावुक क्षण था। इससे पहले, मंगलवार को अष्टमी के अवसर पर हवन पूजन किया गया।

### दुर्गा विसर्जन के बाद धूमधाम से मना विजयदशमी पर्व

**पलारी**। पलारी अंचल के गावों में गुरुवार को विजयदशमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही ग्राम में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया था। घर-घर से श्रद्धालु अपने परिजनों सहित मां दुर्गा के दर्शन हेतु पंडाल पहुँचे और विधि-विधान पूर्वक देवी मां की पूजा-अर्चना की। दोपहर के पश्चात शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।मान्दर की थाप में बाजे-गाजे, जयकारों से पूरा ग्राम गुंजायमान हो उठा। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवृष्टि कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा गांव के महामाया चौक होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुँची। यात्रा में मातृशक्ति की झलक,



पारंपरिक परिधान और युवा वर्ग का काफी उत्साहित रहे। विसर्जन स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गले मिलकर विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता तथा भाईचारे का संदेश दिया। वही ग्राम घिरघोल के वरिष्ठ नागरिकों ने विजयदशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से समाज में एकता और संस्कृति की परंपरा को बनाए रखने का आह्वान भी किया।

## खरोरा-बुडेरा परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव हुआ, योगेश साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ तिल्दा अंतर्गत परिक्षेत्र साहू संघ बुड़ेरा-खरोरा का चुनाव सम्पन्न हुआ, इस परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 32 गांवों से प्रत्येक गांव के 5-5 प्रमुख पदाधिकारी मतदान में शामिल हुए। कुल 144 ग्रामीण पदाधिकारियों ने मतदान कर लोकतंत्र की परंपरा को सशक्त किया।

अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला हुआ, जिसमें प्रत्याशी किशन लाल साहू, राजा साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत बुड़ेरा) और योगेश साहू आमने-सामने थे।



मतदान परिणाम में योगेश साहू ने 74 वोट हासिल कर अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। उनके प्रतिद्वंदी किशन लाल साहू को 39 और राजा साहू को 31 वोट मिले।

अन्य पदों पर भी चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें दशरथ साहू 90 वोट से उपाध्यक्ष, लक्ष्मी साहू 78 वोट से महिला उपाध्यक्ष, मनोज साहू 74 वोट से संगठन सचिव और बिमला साहू 76 वोट से महिला संगठन सचिव निर्वाचित हुए।

उक्त निर्वाचन को पोषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ तिल्दा, उपाध्यक्ष गिरेन्द्र साहू, कोशाध्यक्ष डॉ शिवकुमार साहू, रायखेड़ा परिक्षेत्र अध्यक्ष झब्बू साहू, अन्य पदाधिकारी ने निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्पन्न कराया । इस अवसर पर परिक्षेत्र पदाधिकारी रामाधार साहू, मनीराम साहू, सुरेश साहू, नरेंद्र साहू, शत्रुहन साहू, सोनू साहू, पूनम साहू, 32 गांव के साहू समाज के लोग उपस्थित थे ।

### पिसीद में दशहरा एवं डीजे प्रतियोगिता 5 को

**सेल**। ग्राम पंचायत पिसीद में 5 अक्टूबर दशहरा एवं डीजे प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया हैं। सीजन 2 जिसमें एकल प्रवेश शुल्क 100 रूपये युगल प्रवेश शुल्क 200 रूपये सामूहिक प्रवेश शुल्क 300 रूपये। जिसके मुख्य अतिथि प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार, अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य पवन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलौदाबाजार अंजीव जायसवाल, अध्यक्ष भाजपा मंडल कटगी मोंगरा बाई, सत्यनारायण पटेल, जनपद सदस्य ईश्वर पटेल, भाजपा मंडल कटगी महामंत्री विशिष्ट अतिथि कार्तिक राम बंजारे, सरपंच, उपसरपंच देवनाथ पटेल जिसमें समस्त पंचगण शामिल हैं।

## भंडारपुरीधाम में गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला आज, मुख्यमंत्री देंगे करोड़ों की सौगात

**भंडारपुरी धाम/खरोरा/आरंग/रायपुर**। गुरु घासीदास बाबा की कर्मस्थली भण्डारपुरीधाम 3 अक्टूबर को आस्था, विश्वास एवं भक्ति के अद्वितीय संगम से सराबोर होगा। देशभर के संत एवं मानव समाज भण्डारपुरीधाम में होने वाले गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला में शामिल होकर घासीदास बाबा एवं गुरु परिवार से आशीर्वाद प्राप्त करेगा। यह स्थान सतनामी पंथ की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मेला गुरु घासीदास बाबा के पुत्र गुरु बालकदास साहेब के गद्दीनशीन होने की स्मृति में हर साल आयोजित होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भण्डारपुरी धाम में 162.28 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर विकास की ऐतिहासिक नींव रखेंगे। कार्यक्रम में डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा, अरुण साव उपमुख्यमंत्री, विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, अजय जामवाल क्षेत्रीय संगठन महामंत्री भाजपा, पवन साय प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा, रामविचार नेताम मंत्री, ओपी चौधरी मंत्री, टंकराम वर्मा मंत्री, दयालदास बघेल मंत्री, बृजमोहन अग्रवाल सांसद, कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा लोकसभा, पुन्नुलाल मोहले विधायक मुंगेली, डोमनलाल कोर्सेवाडा विधायक अहिवारा, डॉ. नवीन मारकंडे प्रदेश महामंत्री भाजपा, डॉ. सनम जांगड़े, श्याम नारंग आदि शामिल होंगे।

### सुख समृद्धि की कामना कर सेतखाम में चढ़ाएंगे पालो

सतनामी समाज के धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब का सानिध्य एवं मार्गदर्शन सभी मानव समाज को प्राप्त होगा, जो उनके जीवन और समाज में अभूतपूर्व परिवर्तन लाएगा। राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के नेतृत्व में बाबा गुरु ढालदास साहेब, गुरु मकसूदन साहेब , गुरु सोमेश बाबा, गुरु खुशवंत साहेब, गुरु सौरभ साहेब मोतीमहल से घोड़ा बग्गी में सवार होकर विशाल रैली के साथ मानव समाज का अभिवादन स्वीकार करते हुए धर्ममंच पर पहुंचेंगे। गुरु परिवार के सदस्यों द्वारा गुरु गद्दी की पूजा अर्चना के साथ समस्त मानव समाज के कल्याण एवं सुख समृद्धि की कामना कर सेतखाम में पालो चढ़ाया जाएगा। भण्डारपुरी धाम पंथी के धुन, अखाड़ा के पराक्रम, सतनाम मंगल भजन, सांस्कृतिक संध्या के साथ विभिन्न आयोजनों से भव्य और दिव्य वातावरण से आलौकित होगा।

### दशरथ विलाप ने गमगीन किया माहौल, जीवंत अभिनय ने किया प्रभावित

# राम के वनगमन दृश्य में रो पड़े दर्शक, रामलीला का मंचन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ भावनाओं से जुड़ा मंचन, जीवंत संवादों ने बढ़ाया प्रभाव

ग्राम केशला में श्री बजरंग नवयुवक रामलीला मंडली द्वारा आयोजित रामलीला मंचन इस वर्ष भी पूरे भक्तिभाव और प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ जारी है। 27 सितंबर से प्रारंभ हुई रामलीला में मंगलवार रात भगवान राम के वनगमन प्रसंग का मंचन हुआ, जिसमें राजा दशरथ का पुत्र वियोग में विलाप देख दर्शक भावुक हो उठे। कई लोगों की आंखों से आंसू बह निकले। इस जीवंत प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को रामकथा के साथ आत्मिक रूप से जोड़ दिया।



रामलीला मंचन की शुरुआत में महाराज दशरथ द्वारा भगवान राम के राज्याभिषेक की घोषणा और फिर मंथरा द्वारा कैकेयी को बहकाकर राम को 14 वर्षों के वनवास भेजने की कथा को बेहद सजीव ढंग से प्रस्तुत किया गया। राम के वन गमन की सूचना मिलते ही दशरथ व्याकुल हो उठे और अयोध्या नगरी शोक में डूब गई। भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ वन को प्रस्थान करते दिखे, तो मंचन स्थल पर मौजूद हर आंख नम हो गई। रामलीला मंडली द्वारा आगामी 2 अक्टूबर को विशाल दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रावण दहन सहित अन्य आकर्षक धार्मिक प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति व ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

मंचन में कलाकारों द्वारा बोले गए संवाद, भाव-भंगिमा और पारंपरिक वेशभूषा ने दर्शकों को जैसे रामायण काल में पहुंचा दिया। राजा दशरथ की भूमिका निभा रहे कलाकार के विलाप और राम के त्यागपूर्ण वनगमन दृश्य ने गहरी छाप छोड़ी। मंथरा, कैकेयी और सुमंत जैसे पात्रों की भूमिका भी अत्यंत प्रभावी रही।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मार्गदर्शक गया राम देवांगन, सरपंच मया वंशे ,उपसरपंच लोमश देवांगन ,रामचरण देवांगन, लक्ष्मण बोलबम,विनोद देवांगन, संतराम यादव, शत्रुहन सारथी लक्ष्मण यादव नवीन देवांगन, शिवदेवांगन,मास्टर शत्रुहन देवांगन, शिवलाल, भगवती, अश्वनी, ईश्वरी, श्रवण, सुभाष, चैतूराम, नारायण, रिखी राम, शंकर डोमार, लोकनाथ, मोहन, सोहन, शेखर, भरत, राजेश निर्मलकर, सेवक राम, इंदल बलराम, ईश्वर, नेहरू वचन राठौर संजय सेन, भुनेश्वर सारथी दर्शक आदि मौजूद रहे।

### झीपन में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



**हथबंद** । भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सुहेला मंडल के ग्राम पंचायत झीपन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के तहत पौधरोपण कर मातृभूमि और मातृशक्ति के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया । वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उनके साथ सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, ग्राम पंचायत झीपन के सरपंच संतोष वर्मा, जनपद सदस्य संजू लहरी, सरपंच हरीश वैष्णव, उप सरपंच दीपक मनहरे, करण वर्मा, युगल किशोर वर्मा, रामकुमार साहू, दिनेश चौरे, हरीश वैष्णव, जीवनलाल साहू सहित ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### 30 फीट ऊंचे रावण का दहन, हुई आतिशबाजी

**बगबुडा ।** लवन में 30 फीट ऊंचे रावण का भव्य दहन दो घंटे तक जोरदार आतिशबाजी और राम-रावण युद्ध के सजीव मंचन के बाद हुआ। विजयादशमी के अवसर पर लवन के दशहरा मैदान में हजारों लोगों की उपस्थिति में 30 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जोरदार आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया और लगभग दो घंटे तक चलती रही। इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और इस धार्मिक उत्सव का आनंद लिया। रामलीला मंडली ने राम-रावण युद्ध का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान राम और रावण के बीच हुए युद्ध का प्रदर्शन का लोग आनंद लेते रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए सभी नगरवासियों को विजयादशमी की बधाई दी। उन्होंने कहा यह पर्व अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। हमें सत्य, प्रेम और एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

### गणेशपुर में आज नाचा

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में आज 3 अक्टूबर शुक्रवार को दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए संगीछुरिया नाचा पार्टी बिलईडबरी भाटापारा जिला बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा, जगदीश साहू पंच, जीवन साहू ग्राम पटेल, कल्याण यादव ग्रामीण सचिव, देवानंद ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष सहित बाल समाज के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### जयंती : अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मना 2 अक्टूबर

# महात्मा गांधी और शास्त्री जी को जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- गांधी चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी पुष्पांजलि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पहुंचकर दोनों महान विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों और सिद्धांतों को स्मरण किया।

भाजपा नेता विजय केसरवानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि 2 अक्टूबर न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी 'अहिंसा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श आज भी सामाजिक समरसता और शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी दिन जन्मे लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व क्षमता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। श्री केसरवानी ने कहा कि शास्त्री जी का जय जवान, जय किसान जैसा नारा आज भी देश की आत्मा को झकझोरता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया और हर भारतीय के दिल में स्थान बनाया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता टेसूलाल धुरंधर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू, खोडास राम कश्यप, नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, सुशील वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, पोषण पटेल, राहुल सोनी, नीरज सोनी, मनीष कश्यप, रीटा केसरवानी, नेतराम साहू, कन्हैया सेन, आदित्य बाजपेई, लोकनाथ जायसवाल, धनीराम मार्के, दीपक नेगी, सरिता मार्के, पीयूष ध्रुव, कृष्णा सेन, धनेश्वरी वर्मा, संजय श्रीवास आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

### वटगन में गांधी जयंती मनाई गई, गांधी के मार्ग पर चलने लिया संकल्प



**घोटिया ।** गांधी चौक वटगन में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों एवं समाज सेवियों ने एकत्र होकर गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस पलारी राहुल तेली ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल तेली ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि संघर्ष कितना भी बड़ा क्यों न हो, अगर हम सच्चाई और धैर्य के साथ आगे बढ़ें तो सफलता निश्चित है। आज हमें गांधीजी के विचारों को केवल याद ही नहीं करना चाहिए, बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी अपनाना चाहिए। स्वच्छता, सामाजिक सद्भाव और समानता के लिए उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। हम सबको मिलकर उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेना होगा। इस मौके पर देवकांत यादव, गुरुदत्त विश्वकर्मा, लल्ला आत्मा वर्मा, गांधी वर्मा, विक्की, मुकेश, बोदू सहित अनेक लोग शामिल रहे।



### रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बगबुडा ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान (ख), बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गांधी जी जयंती पर स्कूल परिसर एवं गुड़गांव, खैरा, पाहंदा में संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत सुन्दर भारत के गुड़गांव के गली, मोहल्ला में साफ सफाई किया एवं गांव के लोगों को संदेश दिया कि स्वच्छ रहेंगे तो भारत सुन्दर बनेगा स्वयंसेवकों ने गांव के धर धर जाकर साफ सफाई के बारे में जागरूक किया। गांधी जी के सपने को साकार करने की एवं स्वच्छता शपथ भी दिलाई गांव के लोगों ने भी स्वच्छता शपथ ली धर के साथ साथ गली गांव को स्वच्छ रखेंगे । इस अभियान में ग्राम प्रमुख सरपंच हीरा प्रकाश मिरी पंच गण भी उपस्थित थे स्वयंसेवकों के साथ सभी जनप्रतिनिधियों ने भी गांधी जी के सपने को साकार करेंगे संस्था के प्राचार्य ने सभी स्वयंम सेवकों एवं गांव के लोगों को गांधी जयंती कि बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी जय हिन्द जय छत्तीसगढ़ जय भारत।

### स्वेच्छाग्रही महिला समूह का हुआ सम्मान

रिसदा। बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैना खपरी में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई । महात्मा गांधी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर श्रीफल तोड़ा गया इस दौरान सचिव थानेश्वर साहू द्वारा सभी को गांव को स्वच्छ बनाने एवं स्वच्छता के लिए अपने परिवार से ही शुरुआत करने की शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर स्वच्छाग्रही महिला समूह को श्रीफल भेंट कर उनके कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान सरपंच रमारोशन साहू, उप सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश साहू, सचिव थानेश्वर साहू, पंचगणों में, कार्तिक राम साहू, साधराम साहू, अमर दास, राम जी, अमृत, अजय साहू, राजेंद्र कुमार यादव, हीरालाल साहू, सुखी राम स्वच्छाग्रही महिला समूह की सदस्यों में सुनीता साहू, गीता साहू, गोदावरी निषाद, सुशीला साहू, सुखिया यादव, दशोदा निषाद, सावित्री देवांगन, उषा देवांगन, निर्मला साहू, मैना साहू, पुष्पा साहू, लेखेश्वरी साहू, रामेश्वरी साहू, श्वेता निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





### गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

**खरोरा ।** नगर पंचायत खरोरा में महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2025 को नगर के ताला तालाब परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत की स्वच्छता दीदियों, सफाई कामगारों, पदाधिकारियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान सभी ने सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। महात्मा गांधी जी के "स्वच्छता ही सेवा" के संदेश को आत्मसात करते हुए उपस्थित जनों ने प्रतिदिन स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत द्वारा सफाई कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कामगारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत खरोरा की अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमीत कुमार सेन सहित पार्षदगण डॉ. सुरेन्द्र गिलहरे, मनीषा कोशले, राहुल मरकाम, दामिनी हेमंत देवांगन, शेखर देवांगन, हेमलता नशीने, जयप्रकाश वर्मा, तामेश्वर मरकाम, लीला बाई देवांगन, पंचराम यादव, पूर्णेन्द्र (पूनम) पाध्याय, शरद साहू, अंबिका बन्छोर एवं राकेश कुमार देवांगन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# बारिश की बाधा में भी दशहरे में छलका उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गुरुवार को अँचल में असत्य पर सत्य की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत दसहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जीसमे बुराई रूपी रावण का पुतला दहन हुआ थोड़ी देर के लिए बारिस ने खलल पहुंचाई इसके बाद भी पूरी तरह से पुतला दहन हुआ पश्चात एक दूसरे को सोन पत्ती भेंटकर दशहरे की बधाई दी।

बारिश थमने के बाद पलारी नगर के दसहरा मैदान में सर्वप्रथम लीला मंडली द्वारा रामलीला का अदभुत मंचन किया गया जिसमें सीता हरण,लक्छ्मण को शक्तिबाण लगना, रावण की ललकार, राम की सौम्यता तथा राम रावण संवाद और भयंकर युद्ध का जीवंत मंचन किया गया जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए पश्चात 50 फिट ऊंची बुराई रूपी पुतला दहन किया गया पश्चात दसहरा समिति ने जोरदार आतिशबाजी का नज़ारा पेश किया जिसे देखकर लोग मंत्र मुग्ध हो गए, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ रही।

### नपं अध्यक्ष ने दी दशहरे की बधाई

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण दिन है जिस तरह से हम आज बुराई रूपी पुतला दहन कर रहे हैं उसी तरह अपने अंदर छिपे बुराई को समाप्त करना है, हमे अभी से संकल्प लेना होगा कि हमे अपने अंदर के रावण रूपी अहंकार को त्यागकर अपने हृदय में मर्यादा के प्रतीक राम को बसाना होगा, हमे मर्यादित होकर प्रभु राम के आचरण को आत्मसात कर सबके सांथ न्याय करना, बड़ो का आदर करना चाहिए। वही उन्होंने नगरवासियों से नगर को स्वच्छ बनाये रखने की अपील की।

## पेज 11 के शेष

### राजस्व मंत्री ने ...

के सदस्य योगेश अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, परेश वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी एवं नगवासी उपस्थित थे।

### 13 से 16 ...

आयोजन हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है एवं समिति भी बनाई गई है।उन्होने संबंधित क्षेत्र के हाई स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं को पंजीयन कराने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।उन्होने ग्राम पंचायतो से युवाओं एवं समूह की महिलाओं, को भी लाइवलीहुड कॉलेज के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत पंजीयन कराने कहा। सांसद खेल महोत्सव में पुरुष एवं महिला वर्ग, 9 से 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसमें खो-खो, कुश्ती, बालीबॉल, भारोत्तोलन,तैराकी, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रस्सा -कस्सी एवं रस्सी कूद खेल में प्रतियोगिता होगी। संकुल स्तरीय,विकासखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय स्पर्धा होग़ा।

### निकलने लगी धान ...

रहा है। खेती-किसानी से जुड़े जानकारों का कहना है कि बाली निकलने का समय धान की फसल के लिए सबसे अहम होता है। इस दौरान मौसम का जरा-सा बदलाव भी नुकसानदेह साबित हो सकता है। पिछले दिनों हुई असमय वर्षा के कारण कई खेतों में पानी भर गया है, जिससे पौधों में कीट और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खासकर झुलसा और तना छेदक जैसे रोगों की संभावना बढ़ रही है। फिलहाल खेतों में झूमती धान की बालियां किसानों के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई हैं। सभी की निगाहें अब आने वाले मौसम और फसल की अंतिम स्थिति पर टिकी हैं।

### घायल युवक की ...

और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि जब युवक घायल अवस्था में थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, तो पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाने की बजाय बदसलूकी की। जानकारी के मुताबिक, ग्राम छेरकापुर में रविवार को गुरु गद्दी पूजा कार्यक्रम के दौरान डीजे बजाने को लेकर जय कुमार (25) और जवाहर सतनामी परिवार के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान जय कुमार के साथ जमकर मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर पलारी थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल बलौदाबाजार भेजा।

बलौदाबाजार अस्पताल में हालत बिगड़ने पर युवक को रायपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में खरोरा पहुंचने से पहले ही उसकी तबीयत और बिगड़ गई। खरोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खरोरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जीरो में मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जानकारी पलारी पुलिस को दी।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
02 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय
12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### जोत जंवारा व प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



**खरोरा।** नवरात्रि की दशमी पर जवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान नहरडीह में भक्तों ने नम आंखों से माता रानी का विदाई आस्था और भक्ति का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों को छूकर सुख-समृद्धि और परिवार के मंगल कामना की। सेवक माता जस गीत गाते झांझ मंजीरा मांदर के थाप से वहीं जस गीत में महिलाएं देवता भी चढ़े भक्तों ने ज्वारा व मां दुर्गा सरस्वती की प्रतिमाओं को विसर्जन के साथ नवरात्रि का समापन किया और माता रानी का आशीर्वाद लिया। माता रानी के विसर्जन में ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।


### हथबंद में गांधी जयंती पर नमन कार्यक्रम

**हथबंद** । ग्राम पंचायत हथबंद में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गांधी जी के विचारों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया कार्यक्रम में सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, सचिव विनोद दास वैष्णव, पंच मूलचंद टंडन, संतोष धर दिवान, स्तराम ध्रुव, विजय निषाद, ईश्वर निषाद, थकेश, रूपचंद पाटिल, मंजू निषाद, सरेश लहरे, महिला प्रतिनिधि एवं पूजा प्रजापति, कामनी निषाद (रोजगार सहायक) सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे गांववासियों ने इस अवसर पर राष्ट्रपिता को नमन कर उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

### निधन

### महंत कुमारदास वैष्णव

**घोटिया** । ग्राम पचरी निवासी



महंत कुमारदास वैष्णव का शनिवार को सतलोक गमन हो गया है। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। अंतिम संस्कार में वरिष्ठ नागरिक रामअवतार तेली सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे छोटी बाई वैष्णव के पति, दुकालू दास, अमर दास, भगवान दास, भारत दास वैष्णव के पिता थे।

**पर्व : हिरमी, मोहरा, मुसवाडीह, भालेसूर सहित आसपास के गांवों में उमड़ा भक्तों का सैलाब**

# भक्ति के साथ किया गया मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अंचल के हिरमी, मोहरा, मुसवाडीह, भालेसूर सहित आसपास के ग्रामों में शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि के अवसर पर स्थापित माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के माहौल में किया गया। सुबह से ही गांव-गांव में शोभायात्राओं की तैयारी शुरू हो गई थी। जैसे ही प्रतिमाएं जुलूस के रूप में निकलीं, पूरा क्षेत्र जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्राओं में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

महिलाएं पारंपरिक परिधानों में माता रानी की आराधना करती रहीं, वहीं बच्चे आकर्षक वेशभूषा में दिखाई दिए। डीजे की भक्ति धुनों, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की वर्षा और आरती कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। हिरमी, मोहरा, मुसवाडीह और भालेसूर की गलियों से होकर निकले विसर्जन जुलूस में युवा भक्त भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। प्रतिमा को सुसज्जित वाहन पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान सामाजिक संगठनों और स्थानीय समितियों ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान व पेयजल की व्यवस्था की।



### विसर्जन स्थल पर मंत्रोच्चारण के साथ दी विदाई

विसर्जन स्थल पर पहुंचने के बाद माता रानी की प्रतिमाओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। पंडितों के मंत्रोच्चारण और भक्तों के गगनभेदी नारों के बीच माता रानी को विदाई दी गई। श्रद्धालुओं ने अंचल में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।ग्रामीणों का कहना था कि यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द्र को भी मजबूत करता है। विसर्जन यात्रा में विभिन्न समुदायों के लोग भी सम्मिलित हुए और आपसी एकता का संदेश दिया।इस प्रकार अंचल के हिरमी, मोहरा, मुसवाडीह, भालेसूर सहित आसपास के गांवों में माता रानी का विसर्जन धूमधाम और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालु अब अगले वर्ष पुनः माता रानी के स्वागत की प्रतीक्षा करेंगे।

### नम आंखों से माता को दी विदाई



**मुंडा ।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पंचायत भवन के पास 9 दिन तक विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा नवमी के दिन हवन पूजन किया गया और दशमी के दिन सेवा समिति द्वारा मांदर झांझ, मंजीरा की थाप पर सेवा गीत गाते हुए गांव भर मंगल आरती के लिए घुमाया गया और शाम होते ही नया तालाब में माता रानी को नम आंखों से विदाई किया गया । जिसमें सम्मिलित शांत वर्मा, डीश कुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा, चंद्रेश वर्मा, सुखी वर्मा, चंद्र विष्णु वर्मा, चिंताराम बैगा, चिंताराम सेन, ऊमेद वर्मा, युगल वर्मा, नारायण वर्मा, रिपू वर्मा, दिलेश्वर वर्मा, बलभद्र साहू, लालाराम, सुमन बाई, दिव्या बाई, कुसुम, लता वर्मा, कुमारी भुनेश्वरी डंके, मुंगलेश्वरी सहित ग्राम वासी सम्मिलित रहे ।

## मांदर और जसगीत से गूंजा खरोरा

**खरोरा** । नगर सहित ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि की धूम मची हुई थी । नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में भक्तिमय हो गए थे।खरोरा में दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के पूर्व मांदर की थाप में सेवा समितियों द्वारा सेवा जस गीत गाते हुए और युवा वर्ग युवा वह छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांग को अपने जीभ में धारण किया गया था। नौ देवी दुर्गा समितियों के सदस्यों द्वारा माता





रानी को नम आंखों से विदा करने के पश्चात गांव में के शीतला मंदिर में माता की पूजा अर्चना की गई और मांदर की थाप में सेवा समिति के सदस्यों द्वारा माता रानी की प्रतिमाओं को नगर के प्रमुख चौक चौराहे से जस गीत गाते हुए मां को विदा किया गया । वही जस गीत में कुछ महिलाएं देवता भी चढ़े हुये थे। इस विदाई यात्रा में सेवा जस गीतों की भारी धूम देखने को मिली ।



### श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को दी विदाई

**बगबुड़ा।** ग्राम कुम्हारी में दुर्गा नवमी पर गुरुवार को नौ कन्या भोज कराकर माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कुम्हारी में सुबह 12 बजे से प्रतिमाओं का विसर्जन यात्रा शुरू हुई। इस दौरान भक्तों ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी। सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति शीतला नगर सहित व ग्रामीण अंचल में बगबुड़ा, कुम्हारी और ग्रामवासियों ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के पूर्व मांदर की थाप में सेवा समितियों ने सेवा जस गीत गाते हुए और युवा वर्ग शामिल थे। सांग लेने वालों में युवाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। देवी दुर्गा समितियों के सदस्यों ने माता रानी को नम आंखों से विदा करने के पश्चात गांव के महामाया मंदिर से माता की पूजा-अर्चना की। सेवा समिति के सदस्यों ने माता रानी की प्रतिमाओं को कुम्हारी, के प्रमुख चौक चौराहे से जस गीत गाते हुए विदा किया। वहीं जस गीत में कुछ महिलाएं देवता भी चढ़े। इस तरह गांव में मां दुर्गा की शोभायात्रा निकाली गई।



## भक्ति, भाव और एकता का प्रतीक बना दुर्गा विसर्जन

**सुहेला** । ग्राम सुहेला में नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमाओं का पारंपरिक एवं भावपूर्ण विसर्जन बड़े श्रद्धा भाव से किया गया। सतबहिनिया माता चौक और गौरा-गौरी चौक की दुर्गा प्रतिमाओं को मांदर की धुन और भावभीनी सेवा गीतों के साथ गली-गली भ्रमण करते हुए विसर्जन के लिए ले जाया गया।इस पावन यात्रा में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्राम के मुख्य त्रिगड्डा चौक तथा महामाया चौक से होते हुए यात्रा गांव के बड़े तालाब तक पहुँची, जहाँ श्रद्धापूर्वक मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। गांववासियों की भारी भीड़ इस धार्मिक आयोजन की साक्षी बनी, जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। ग्रामीणों ने बताया कि यह विदाई अत्यंत भावनात्मक रही – मानो सजीव रूप में मातारानी को विदा किया जा रहा हो। महिलाएं अपने दैनिक कार्यों को छोड़कर प्रतिमा के पीछे-पीछे चलती रहीं और नम आंखों से माता को विदाई दी।

युवाओं ने जय माता दी के जयघोष के साथ पूरे गांव में गली-गली भ्रमण कर उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। ग्राम के बड़े तालाब में विधि पूर्वक प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया और तत्पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता और परंपराओं के संरक्षण का भी सुंदर संदेश दिया।

### तांबा तालाब में हुआ विसर्जन

**गोपालपुर ।** गांव के राम लीला मंडली मे, मां दुर्गा स्थापित किया गया था और नौ दिनों तक पुजा पाठ किया गया व रात्रि के झाकी की कार्य क्रम प्रस्तुत किया जाता था। ग्रामीणों ने श्रद्धा से पुजा अर्चना कर श्रद्धा मे डुबा रहा। अंत में तांबा तालाब मे झांझ मजीरा से नाचते गाते हुए। तांबा तालाब मे मां दुर्गा को विसर्जन किया गया।





# जसगीत प्रतियोगिता में धन्नू साहू ने किया इनाम वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- ग्राम देवसुन्द्रा में नवरात्रि पर्व पर हुआ भव्य आयोजन
- विजेता टीमों को स्मृति चिह्न और पुरस्कार देकर किया सम्मानित

नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम देवसुन्द्रा में आयोजित जसगीत प्रतियोगिता में आस-पास के गांवों की टीमों ने भाग लेकर सांस्कृतिक एकता और भक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू ने विजेता टीमों को पुरस्कृत कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।



कार्यक्रम के दौरान श्री साहू ने मंच से अपने उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं द्वारा सांस्कृतिक परंपराओं में सक्रिय भागीदारी सराहनीय है और यह हमारी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। प्रतियोगिता में जय मां जगतारिणी सेवा समिति, ग्राम फुलवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जय महामाया सेवा समिति, ग्राम बम्हनी द्वितीय स्थान पर रही, जबकि मैया के दीवाना सेवा समिति, ग्राम मटिया (ढाबाडीह) को तृतीय स्थान मिला। तीनों टीमों को स्मृति चिह्न व पुरस्कार भेंट किए गए। धन्नू साहू ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों में सभी वर्गों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने समाज को आपसी भाईचारे और संस्कृति से जोड़े रखने का आह्वान किया।

### विजेता टीमों का सम्मान

जसगीत प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली तीनों समितियों को ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धन्नू साहू ने प्रदान किए। दर्शकों की भारी उपस्थिति में विजेता टीमों का मनोबल और उत्साह देखते ही बन रहा था।

### सांस्कृतिक समरसता का मंच बना देवसुन्द्रा

इस कार्यक्रम ने ग्राम देवसुन्द्रा को सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक सौहार्द का मंच बना दिया। आयोजन में सरपंच अभिराम साहू, अजय बघमार, तरुण वर्मा, डागेश्वर साहू सहित समिति के अध्यक्ष शंकर धीवर, उपाध्यक्ष श्रीराम यादव, कोषाध्यक्ष सीताराम साहू, सचिव गिरीश यादव एवं संरक्षक भूखवराम धीवर उपस्थित रहे। मंच संचालन कमलेश्वर धीवर और खिलेश्वर साहू ने कुशलता से किया।

# डोंगरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण माह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

महिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा ब्लॉक के अन्तर्गत सेक्टर हथबंद सुपरवाइजर लक्ष्मी नायक के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण माह पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच मालिक जायसवाल सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। ग्राम की गर्भवती, शिशुवती, मितानिन, किशोरी बालिका पशु सखी, कृषि मित्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका एवं एएनएम आदि लोगों ने भाग लिया । इस दिन पूरक पोषण आहार पर जागरूकता, स्वच्छता और स्तनपान के शीघ्र शुरूआत पर जागरूकता किया गया।



### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हितग्राही शामिल। शामिल हुए हितग्राहियों में प्रेमलता टंडन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ललिता टंडन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सावित्री घृतलहरे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गिरिजा जायसवाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं संतरा घृतलहरे, बबली गहरे, राजकुमारी बांधे, रेश्मा पाटले, देवहूति, कांती टंडन, गीता साहू, भागबाई जांगड़े, किरण कुर्रे, सरस्वती साहू, उर्वशी निर्मलकर, प्रमिला ध्रुरव, जानकी साहू, जामुन यादव, राधा ध्रुव, लखन साहू, बेदराम साहू, छबि साहू, रोहित निषाद, शंकर, सुष्मिता ध्रुरव, त्रिवेणी वर्मा, शिवकुमार साहू, परसराम साहू, टेकम ध्रुरव, तरूणा देवदास आदि रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
04 अक्टूबर शनिवार, राना मेडिकल सरकारी अस्पताल के पास भाटापारा
05 अक्टूबर रविवार, आशीर्वाद डेंटल हॉस्पिटल बैंक ऑफ़ बड़ौदा मेन रोड, बलौदाबाजार
समय : सुबह 10:30 से 3 बजे
पाईल्स लेज़र चिकित्सा
पाईल्स, फिशर, फिस्चुला एवं क्षारसूत्र चिकित्सा
बवासीर के कुछ सामान्य लक्षण :
- गुदा मार्ग में दर्द एवं खून आना ( Anal Pain & Bleeding)
- गुदा मार्ग में जलन का होना (Burning Sensation)
- गुदा मार्ग में मवाद आ आना (Pus Discharge)
- कपड़े का हमेशा गीला रहना
- अच्छे से पेट साफ न होना








पेट रोग (पेट साफ न होना/कब्ज, गैस)
- Fatty Liver, गैस, Gred, IBS, Amoebiasis
- पेट में जलन, ढकार, पेट फूला-फूला लगना
- ऐसा लगना की पूरा पेट साफ नहीं हुआ और
- बार-बार जाने की इच्छा होना

लेजर चिकित्सा पर 50% की छूट
गुदागत रोगों जैसे पाईल्स, भगंदर और फिशर आदि का सफलतम उपचार अत्यंत लाभकारी आधुनिक लेज़र चिकित्सा द्वारा किया जाएगा ।
स्थायी पता : मिरैकल्स पाईल्स एवं डेंटल क्लीनिक
शॉप नं. 19, हाउसिंग बोर्ड, कमर्शियल कॉम्पलेक्स, चौपाटी के पास, शंकर नगर, रायपुर
असुविधा से बचने के लिए कृपया अग्रिम पंजीयन करें- 7869048192
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट



मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर